an>

Title: Regarding power situation prevailing in Shahjahanpur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं शाहजहांपुर जनपद से चुनकर आती हूं। वहां विद्युत लाइनें वर्षों पुरानी हैं, जो आज जर्जर हालत में हैं। ...(व्यवधान) ट्रांसफार्मर्स भी अधिक पुराने हैं, जिनकी वजह से आये दिन पूरे जनपद की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चल पाती है। ...(व्यवधान)

महोदया, मैं आपको यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में रोजा थर्मल पावर की एक निजी तापीय विद्युत योजना स्थापित है। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से अवगत कराना चाहूंगी कि मेरे जनपद में इससे विद्युत आपूर्ति नहीं होती और इसकी वजह से पूरे जनपद को प्रदूषण व गर्मी झेलना पड़ता है। वहां नदियों का पानी भी सूख जाता है। ...(व्यवधान) मेरा आपसे निवेदन है कि जनपद शाहजहांपुर को 24 घंटे बिजली आपूर्ति रोजा थर्मल पावर केन्द्र से प्रदान करने की अनुमति प्रदान करें। ...(व्यवधान)

मेरा माननीय मंत्री से आग्रह है कि वे विशेष अनुमति लेकर हमारे जनपद को विद्युत आपूर्ति कराने की कृपा करें।